आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.11.2025 समय : 1905

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एल कुमार ने आज प्रेस वार्ता में बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है।
- राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं के लिए चौबीस घंटे चालू रहने वाला नया हेल्पलाइन नंबर– एक चार चार नौ शून्य शुरू किया।
- छब्बीस नवम्बर को संविधान दिवस के राष्ट्रव्यापी आयोजन का सभी त्रि–स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों में समन्वय कर रहा है।
- समग्र क्षेत्रीय केन्द्र ब्रुक्शाबाद में दिव्यांगजनों के कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एल कुमार ने आज प्रेस वार्ता में बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। उन्होंने जानकारी दी कि न्नियानब्बे प्रतिशत प्रिंटेड एन्यूमरेशन फ़ॉर्म मतदाताओं को उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिनमें से छियासठ प्रतिशत फ़ॉर्म घर–घर अभियान के दौरान वापस प्राप्त कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए CEO और सभी DEO कार्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित कर दिए गए हैं। चार सौ ग्यारह बीएलओ इस कार्य में तैनात किए गए हैं और आठ सौ चौबीस राजनीतिक प्रतिनिधियों को भी SIR प्रक्रिया में शामिल किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि SIR कार्यों की अंतिम तिथि चार दिसंबर, जबकि फ़ॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि नौ दिसंबर है। उन्होंने यह भी बताया कि नौ दिसंबर से आठ जनवरी तक मतदाता अपने नाम जोड़ने या हटाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी समस्या या जानकारी के लिए एक नौ पांच शून्य टोल–फ्री नंबर पर संपर्क करें, अपने बीएलओ से मिलें, अथवा संबंधित मतदान केंद्र पर जाएँ। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने एस आई आर के उद्देश्य पर कहा कि

<><><><><><><>

राष्ट्रीय महिला आयोग ने संकटग्रस्त महिलाओं के लिए त्वरित और अधिक सुलभ सहायता सुनिश्चित करने के लिए एक नया हेल्पलाइन नंबर — एक चार चार नौ शून्य शुरू किया है। एक वक्तव्य में आयोग ने कहा कि यह टोल–फ्री नंबर आयोग की मौजूदा हेल्पलाइन से जुड़ा एक आसानी से याद रखने योग्य यह नया हेल्पलाइन नंबर है जो हिंसा, उत्पीड़न या किसी भी प्रकार के संकट का सामना कर रही महिलाओं को तत्काल सहायता प्रदान करने के आयोग के निरंतर प्रयासों को मजबूत करता है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरिष्ठ अभिनेता और पद्‌म भूषण से सम्मानित धर्मेंद्र की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जाने–माने फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद धर्मेंद्र का जाना भारतीय सिनेमा के लिए अपूर्णिय क्षति है। धर्मेंद्र को सर्वाधिक लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कला जगत में दशकों के योगदान में उन्होंने कई एतिहासिक भूमिकाएं निभाई। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि लाखों लोगों के प्रिय प्रतीक, धर्मेंद्र ने अपने उल्लेखनीय अभिनय और कला के प्रति अटूट समर्पण से भारतीय सिनेमा के कैनवास को समृद्ध किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि धर्मेंद्र का निधन भारतीय सिनेमा में एक युग का अंत है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरु तेग बहादुर जी के तीन सौ पचासवीं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कल शाम आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने कुरुक्षेत्र जाएँगे। कार्यक्रम के दौरान, श्री मोदी विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। गुरु तेग बहादुर जी के तीन सौ पचासवीं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में, केंद्र सरकार एक वर्ष तक चलने वाला स्मरणोत्सव मना रही है। यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी भगवान कृ ष्ण के शंख के सम्मान में बनाए गए नवनिर्मित भवन, पांचजन्य का भी उद्‌घाटन करेंगे। श्री मोदी शाम को ब्रह्म सरोवर में पूजा–अर्चना करेंगे।

<><><><><><><>

पंचायती राज मंत्रालय, छब्बीस नवम्बर को संविधान दिवस के राष्ट्रव्यापी आयोजन का सभी त्रि–स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों में समन्वय कर रहा है। यह पहल राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के पंचायती राज विभागों, राज्य ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थानों और जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सुदृढ़ बनाने, योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और स्वशासन को बढ़ावा

देने वाले कार्यकर्ताओं, पंचायती राज सहयोगियों, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थानों में स्थापित स्कूल ऑफ एक्सेलेंस और अन्य संबद्ध संगठनों के साथ साझेदारी में की जा रही है। छब्बीस नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर पंचायत सचिव श्री विवेक भारद्वाज के नेतृत्व में सुबह ग्यारह बजे, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाएगा। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों को सामुदायिक कला द्वारा प्रस्तावना दीवारें निर्मित करने और युवा समूहों, स्वयं सहायता समूहों और सामुदायिक संगठनों के साथ "हमारा गांव, हमारा संविधान" सभाएं आयोजित करने के लिए प्रेरित किया गया है।

<><><><><><><>

सभी 36 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के एक दशमलव नौ दो करोड़ करोड़ से ज़्यादा स्कूली छात्रों ने प्रोजेक्ट वीर गाथा 5.0 में पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया है। 2021 में शुरू किया गया प्रोजेक्ट वीर गाथा का मकसद वीरता पुरस्कार विजेताओं की प्रेरणा देने वाली जीवन कहानियों को फैलाना और स्टूडेंट्स में देशभक्ति की भावना जगाना है। यह पहल स्टूडेंट्स को वीरता पुरस्कार विजेताओं के बहादुरी भरे कामों को दिखाने के लिए एक क्रिएटिव प्लेटफॉर्म देती है।

<><><><><><><>

इस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स अंडमान निकोबार राज्य केन्द्र की ओर से आज समग्र क्षेत्रीय केन्द्र ब्रुक्शाबाद में दिव्यांगजनों के कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए एक तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सी आर सी के निदेशक सुमित मोल एस ने अपने संबोधन में केन्द्र के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कौशल विकास और पुनर्वास सेवाओं के माध्यम से दिव्यागंजनों को सशक्त बनाने की दिशा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डीब्रेट के छात्र और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तेरह दिसम्बर को श्री विजयपुरम स्थित जिला न्यायालय परिसर, मायाबंदर उप–मंडल न्यायालय परिसर, डिगलीपुर सर्किट न्यायालय और कैंपबेल बे में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करेगा। इस अवसर पर विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों के अलावा, मुकदमे–पूर्व विवादों पर भी विचार किया जाएगा। आम जनता से अपने विवादों को चार दिस्मबर से पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को लिखित रूप में प्रस्तुत करने को कहा गया हैं।

<><><><><><><>

सिविल डिफेंस वालंटियर के पद के लिए साक्षात्कार कल सुबह ग्यारह बजे जिला उपायुक्त कार्यालय, मध्योत्तर अंडमान मायाबंदर के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए अपने मूल दस्तावेजों के साथ एक घंटा पहले रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>